वी.यू. में सघन वृक्षारोपण

मध्यप्रदेश महामहिम राज्यपाल श्री मंगू भाई छगन भाई पटेल जी के एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का अभियान चलाया जा रहा है, कार्यक्रम की इसी कड़ी में नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में माननीय कुलपति प्रो सीता प्रसाद तिवारी जी के मार्गदर्शन में सघन वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया, जिसमें आज विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता संकाय डा एम के मेहता जी ने परिसर में पौधारोपण कर इसकी शुरुआत की, जिसमें विश्वविद्यालय सहित प्रक्षेत्र प्रभारी डॉ. कारमोरे, डॉ. एस घोष, डॉ ए.के. सिंह, डॉ. गर्ग, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय से डॉ. माधुरी शर्मा, डॉ. प्रीती मिश्रा, सहित छात्र–छात्राएं एवम सहयोगी जन विशेष रूप से उपस्थित रहे, कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय प्रक्षेत्र, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय परिसर, पशुधन प्रक्षेत्र परिसर सहित सभी क्षेत्रों में पौधे रोपित किए गए।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर